an>

Title: Need to set up a Regional Cancer Centre at AIIMS, Rishikesh in Uttarakhand.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार)ः जैसा कि विदित है कि उत्तराखंड हर दृष्टि से पूरे देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की जनसंख्या का एक प्रतिशत होते हुए भी यह प्रदेश देश की सशस्त्र सेवाओं, सुरक्षा और अर्द्धसैनिक बलों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। आज यह क्षेत्र एक गंभीर समस्या से गुजर रहा है। कैंसर रोग आज पूरे उत्तराखंड में अपने पांव पसार चुका है। बड़े पैमाने पर बढ़ते जल एवं वायु प्रदूषण के कारण एवं तनावयुक्त जीवन के कारण कैंसर एक बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है। सर्वेक्षणों के अनुसार उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में प्रतिवर्ष सात हजार से अधिक कैंसर के मामले अस्तपतालों में आते हैं। पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग एवं इलाज की न के बराबर सुविधा होने के कारण इनमें से अधिकतर का इलाज नहीं हो पाता है। अधिकतर रोगी अंतिम स्टेज में अस्पताल पहुंचते हैं और तब तक रोग असाध्य हो जाता है, जिसके कारण मृत्यु दर चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी है। प्रदेश के किसी भी संस्थान में कैंसर के इलाज की पूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कैंसर का रीजनल केंद्र यथाशीघ्र स्वीकृत किया जाए। इससे न केवल स्थानीय जनता को राहत मिलेगी अपितु उत्तराखंड की सीमा से जुड़े उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लोग भी लाभान्वित होंगे।